Government of South Australia

दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई बहुसांस्कृतिक चार्टर

दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई बहुसांस्कृतिक अधिनियम 2021 बहुसंस्कृतिवाद और अंतरसंस्कृतिवाद को आगे बढ़ाने के लिए अग्रसर है और दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई बहुसांस्कृतिक चार्टर (चार्टर) प्रदान करता है। यह चार्टर दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई एजेंसियों, संगठनों, संस्थानों, व्यापारों और समुदायों को तमाम दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई नीतियों के विकास और उनकी सेवाओं की संरचना और वितरण के लिए नींव के रूप में एक लक्ष्य और मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई बहुसांस्कृतिक चार्टर मान्यता देता है:

- दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में भूमि और पानी के पारंपरिक मालिकों और निवासियों के रूप में, ऐबओरीजिनल (आदिवासी) लोगों को, जिन्होंने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में अपने सांस्कृतिक और विरासतीय मान्यताओं को, सबसे लंबे समय तक जीवित रखी गई इक विविध संस्कृति के रूप में बनाए रखा है और उसे विकसित करना जारी रखा है, और वे दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के First Nations people (मूल निवासी) होने की एक बहुत ही महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और निरंतर भूमिका निभा रहे हैं।
- हमसे पहले आने वाली पीढ़ियों की उपलब्धियों और चुनौतियों को, और उनको, जिन्होंने नए और उभरते समुदायों के साथ मिलकर, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की पहचान को एक रूप देने में मदद की है।

यह चार्टर दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के सभी लोगों के लिए है और प्रयास करता है कि:

- सांस्कृतिक, भाषाई, नस्लीय और धार्मिक विविधताओं को मान्यता देते हुए हमारे समुदाय को जोड़ा जाए।
- एक ऐसा वातावरण बनाया जाए जिसमें ज्ञान, विचारों और दृष्टिकोणों को सक्रिय रूप से व्यक्त किया जा सके और उनका आदान-प्रदान किया जा सके, ताकि सभी दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई लोग हमारी विविधता की समृद्धि और उसके मूल्य के प्रति एक गहरी समझ और सम्मान विकसित कर सकें।
- बहुसांस्कृतिक नीतियों के विकास और सेवाओं के वितरण के लिए एक नींव प्रदान की जाए जिससे हमारे समुदायों को लाभ होगा और जो हमारे राज्य को उन्नति की ओर ले जाएगा।
- सभी दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए समावेशी और जवाबदेही वाले कार्यस्थलों और समुदायों को प्रोत्साहन देगा।

चार्टर के सिद्धांत

दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई बहुसांस्कृतिक चार्टर उन सिद्धांतों को निर्धारित करता है जिनके द्वारा सभी दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई लोग:

1. सांस्कृतिक, भाषाई, नस्लीय और धार्मिक विविधता को पहचानें, सम्मान दें, उसका मूल्य पहचानें और जानें कि इन्होंने हमारे राज्य में क्या योगदान दिया है, और आगे भी दे रहे हैं।
2. सांस्कृतिक, भाषाई, नस्लीय और धार्मिक विविधता के हमारे ज्ञान और समझ के बारे में पारस्परिक आदान-प्रदान में शामिल हों, ऐसा करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है।
3. समाज में रह सकें, काम कर सकें और पढ़ाई लिखाई कर सकें जिससे एक सामंजस्यपूर्ण सामाज के सभी पहलुओं में उन्नति कर सकें।
4. सांस्कृतिक, भाषाई, नस्लीय और धार्मिक पृष्ठभूमि के आधार पर आपसी सम्मान, समझ, निष्पक्षता, सुरक्षा और भेदभाव से मुक्त रहने का अधिकार रख सकें।
5. कानूनी तौर पर अपनी सांस्कृतिक, भाषाई और धार्मिक विविधता को संरक्षित कर सकें, उसकी अभिव्यक्ति और अभ्यास कर सकें और उसका जश्न मनाने में सक्षम हों।
6. उन्हें ऐसे अवसरों और सेवाओं तक समान पहुंच मिले, जो हमारे राज्य के शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन में भाग लेने का समर्थन करती हैं।

Honourable Peter Malinauskas MP
Premier of South Australia

Honourable Zoe Bettison MP
Minister for Multicultural Affairs

Damien Walker
Chief Executive
Department of the Premier and Cabinet

South Australian Multicultural Commission (दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई बहुसांस्कृतिक आयोग) को दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई बहुसांस्कृतिक चार्टर के विकास में योगदान देने के लिए मान्यता दी जाती है। Hindi / हिन्दी